लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने विख्यात लेखिका महाश्वेता देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 28 जुलाई, 2016 : लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने जानी - मानी लेखिका महाश्वेता देवी के दुःखद निधन पर शोक व्यक्त किया है । अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा, "महाश्वेता देवी के निधन के बारे में जानकर मुझे दुख हुआ है। महाश्वेता देवी एक साहित्यिक प्रतिभा और समाज सेविका थीं।   उन्होंने अपना पूरा जीवन और सृजनात्मक ऊर्जा आदिवासियों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। मैं शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूँ।"